

QUESTION PAPERS

2024

aglasem.com

Roll No.....

Total No. of Questions: **11**] [Total No. of Printed Pages: **16**

M–203–IX–2324

हिन्दी
(HINDI)

समय : 3 घंटे पूर्णांक : 80

परीक्षार्थी यथासम्भव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।

प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिए गए हैं।

विशेष निर्देश :

(i) प्रश्नों के उत्तर देते समय जो प्रश्न संख्या प्रश्न-पत्र पर दर्शाई गई है, उत्तर पुस्तिका पर वही प्रश्न संख्या लिखना अनिवार्य है।

(ii) उत्तर पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/पन्ने न छोड़िए।

(iii) इस प्रश्न-पत्र में चार भाग/खण्ड है क, ख, ग और घ।

(iv) सभी प्रश्न हल करें। व्याकरण भाग व वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर काट कर न लिखें।

(v) प्रत्येक प्रश्न के सभी भाग एक साथ करें।

(vi) सफाई (लिखाई/सुलेख) का विशेष ध्यान रखें।

खण्ड–क

(साहित्यिक गद्यांश)

1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए बहुवैकल्पीय व अति लघुनात्मक प्रश्नों के उत्तर लिखिए: (1×10=10)

जीवन का सबसे बड़ा कलाकार और सबसे सफल व्यक्ति वह है जो उपयुक्त चुनाव करना जानता है। चुनाव करने में तनिक भी भूल चूक हो गई तो असफलता, पतन और क्षति सुनिश्चित है। कुछ चुनाव हमारे वश में नहीं हैं, जैसे माता पिता का, देश काल का, जन्म-मृत्यु का। किन्तु कुछ चुनाव हमारे वश में है, जिन पर हमारी सफलता और असफलता निर्भर करती है जैसे कर्म करने या न करने का [illegible] और परिश्रम का चुनाव और अच्छी-बुरी [illegible] का चुनाव। सब चुनावों में अच्छी बुरी संगति [illegible] चुनाव महत्वपूर्ण है, क्योंकि इस चुनाव पर ही

हमारा आचरण, हमारा कर्म, हमारे विचार, हमारी कर्म शैली और हमारी भाषा का स्तर निर्भर है। इन्हीं बातों पर हमारे जीवन की सफलता-असफलता की संभावनाएँ टिकी हैं। यदि हम अपना चुनाव ठीक से नहीं कर सकते तो हम जीवन में सफलता भी नहीं प्राप्त कर सकते। हमारे सामने अनेक उदाहरण हैं जिनसे पता चलता है कि समय के अनुसार उचित-अनुचित का विचार करने के बाद जब कोई व्यक्ति सही चुनाव करता है तो सफलता उनके कदम चूमती है और गलत चुनाव करने वाला पछताता रह जाता है। उसके पास पछताने का उसे कोई लाभ भी नहीं मिलता। कहा भी है 'अब पछताए होत क्या जब चिड़ियाँ चुग गई खेत'। यहाँ 'चिड़ियों का खेत चुग जाना' अवसर के अनुकूल सही चुनाव न कर सकने के कारण पछताते रहने से ही है। खेल का मैदान हो या जीवन-संघर्ष प्रत्येक स्थान पर सफलता सही समय पर सही चुनाव करने वाले को ही मिलती है।

(i) जीवन में सफल व्यक्ति कौन है?

(क) जो उपयुक्त चुनाव करना जानता है

(ख) जो बड़ा कलाकार है

(ग) जो जीवन को पहचानता है

(घ) जिसे दुनिया की पहचान है।

(ii) 'चिड़ियों का खेत चुग जाना', का सही अर्थ क्या है?

(क) चिड़ियों का खेत को पहुँचाना

(ख) समय हाथ से निकल जाना

(ग) लापरवाही दिखाना

(घ) लाभ होना

(iii) किन बातों पर हमारी जीवन की सफलता-असफलताएँ टिकी हैं?

(क) हमारी कर्म शैली पर

(ख) हमारे आचरण पर

(ग) हमारी विचार शैली पर

(घ) हमारी अच्छी, बुरी संगति के चुनाव पर

(iv) कैसी संगति हमें जीवन के उच्च-शिखर पर पहुँचाती है?

(क) साधु संगति

(ख) मित्र संगति

(ग) अच्छी संगति

(घ) बुजुर्गों की संगति

(v) उपर्युक्त गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक दीजिए।

(vi) चुनाव में तनिक-सी भूल हो जाने पर क्या परिणाम होता है?

(vii) हमारा आचरण किस चुनाव पर निर्भर करता है?

(viii) किसे पछताने का अवसर नहीं मिलता है?

(ix) आलस्य और परिश्रम में क्या अन्तर है?

(x) अच्छी-बुरी संगति का हम पर क्या प्रभाव पड़ता है?

खण्ड–ख

(रचनात्मक)

2. निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** विषय पर दिए गए संकेत बिन्दुओं के आधार पर लगभग 200-250 शब्दों में निबन्ध लिखिए : (1×6=6)

(क) **हिमाचल के मेले, त्योहार और पर्यटन स्थल:** भूमिका, रेणुका मेला, मिजर व लवी मेला, सिरमौर के त्योहार, अन्य त्योहार, पर्यटन स्थल, उपसंहार।

(ख) **विजयदशमी/दशहरा :** भूमिका, मनाने का कारण, शस्त्र पूजन, झाँकियाँ, रामलीलाएँ, बुराई पर अच्छाई की विजय, उपसंहार।

(ग) **जीवन में परिश्रम का महत्व :** भूमिका, परिश्रम का महत्व, आलस्य से हानियाँ, परिश्रम और भाग्य, उपसंहार।

(घ) **प्रातः काल का भ्रमण :** भूमिका, प्रकृति का सर्वश्रेष्ठ समय, लाभ, हानियाँ, आवश्यकता, उपसंहार।

3. अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य/मुख्य अध्यापक को विद्यालय त्याग का प्रमाण-पत्र प्रदान करने के लिए प्रार्थना-पत्र लिखिए। (1×5=5)

अथवा

कक्षा में प्रथम आने पर अपने मित्र/सहेली को बधाई पत्र लिखिए।

4. सब्जी खरीदने आई महिला और सब्जी वाले के मध्य हुई बातचीत को संवाद शैली में लिखिए। (1×5=5)

अथवा

अपने विद्यालय में मनाए गये 'अध्यापक दिवस' पर प्रतिवेदन लिखिए।

5. आपके विद्यालय में 'विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जा रहा है इस विषय के बारे में एक सूचना अपने शब्दों में लिखिए। (1×4=4)

अथवा

नव वर्ष की बधाई देते हुए चाचा जी को एक संदेश लिखिए।

खण्ड–ग

(व्यावहारिक व्याकरण)

6. निम्नलिखित बहुविकल्पीय व अति लघुनात्मक प्रश्नों के उत्तर दीजिए: (1×16=16)

(i) वर्णों के कितने भेद हैं-

(क) चार (ख) तीन

(ग) दो (घ) पाँच

(ii) भाषा की तीन परस्पर सापेक्ष इकाइयाँ हैं :

(क) पद (ख) वाक्य

(ग) उपवाक्य (घ) वर्ण, शब्द और वाक्य

(iii) हिन्दी वर्ण माला में व्यंजनों की संख्या है:

(क) 44 (ख) 33

(ग) 11 (घ) 13

(iv) 'दधि' का तद्भव रूप है:

(क) दूध (ख) घी

(ग) मक्खन (घ) दही

(v) जिस पर विश्वास किया जा सके:

(क) दयालु (ख) विश्वसनीय

(ग) निर्दयी (घ) कृपण।

(vi) 'प्रबल' शब्द में 'प्र' है:

(क) प्रत्यय (ख) उपसर्ग

(ग) परसर्ग (घ) इनमें से कोई नहीं

(vii) यदि+अपि का सन्धि रूप लिखें।

(viii) 'कर्म वाच्य' में बदलें।

बालक पत्र लिखता है।

(ix) क्रिया का प्रकार बताइए:

'दादी बच्चों को कहानी सुनाती है'।

(x) घायल को देख लो। इस वाक्य में किस विराम चिन्ह प्रयोग किया है?

(xi) 'क' का उच्चारण स्थान लिखें।

(xii) दिनेश लम्बा लड़का है। विशेषण शब्द छाँटें-

(xiii) काल के कितने प्रकार है?

(xiv) भगवान का पर्यायवाची शब्द क्या है?

(xv) 'अंधे की लकड़ी' मुहावरे का सही अर्थ लिखें

(xvi) 'यहाँ बच्चे खेल रहे हैं:' वाक्य में से अव्यय शब्द छाँटें।

खण्ड–घ

(पाठ्य पुस्तकों पर आधारित)

7. निम्नलिखित पठित गद्यांशों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किसी एक गद्यांश के पूछे गए बहुविकल्पीय व अति लघूत्तरात्मक प्रश्नों के सही उत्तर लिखें: (7×1=7)

'मुझे मारेगा, तो मैं भी एक दो को गिरा दूँगा।'

'नहीं। हमारी जाति का यह धर्म नहीं है।'

मोती दिल में ऐंठकर रह गया। गया आ पहुँचा और दोनों को पकड़ कर ले चला। कुशल हुई कि उसने इस वक्त मारपीट न की, नहीं तो मोती भी पलट पड़ता। उसके तेवर देखकर गया और उसके सहायक समझ गए कि इस वक्त टाल जाना ही मसलहत है।

(i) इस पाठ के आधार पर दो बैल हैं उनके नाम है–

(क) सोना और चाँदी

(ख) हीरा और मोती

(ग) राजेश और जोशी

(घ) ओम और प्रकाश

(ii) 'दो बैलों की कथा' हमें सीख दे रही है–

(क) शत्रु को शत्रु समझना उचित है

(ख) मालिक की सेवा करते रहना

(ग) आजादी के लिए स्वयं लड़ना

(घ) दूसरों के अत्याचार सहते रहना।

(iii) हीरा और मोती किस भाषा में एक-दूसरे से बात करते थे?

(क) हिन्दी भाषा में

(ख) देवनागरी भाषा में

(ग) संस्कृत भाषा में

(घ) मूक भाषा में।

(iv) पाठ और लेखक का नाम लिखिए।

(v) यह किस ने और क्यों कहा कि "हमारी जाति का यह धर्म नहीं है"?

(vi) गया ने बैलों को क्यों नहीं मारा?

(vii) बैलों ने क्या अपराध किया था?

अथवा

उसी बीच आनंद भवन में बापू आए। हम लोग तब अपने जेबखर्च में से हमेशा एक-एक, दो-दो आने देश के लिए बचाते थे और जब बापू आते थे तो वह पैसा उन्हें दे देते थे। उस दिन जब बापू के पास मैं गई तो अपना कटोरा भी लेती गई। मैंने निकालकर बापू को दिखाया। मैंने कहा, 'कविता सुनाने पर मुझको यह कटोरा मिला है।' कहने लगे, 'अच्छा, दिखा तो मुझको।' मैंने कटोरा उनकी ओर बढ़ा दिया तो उसे हाथ में लेकर बोले, 'तू देती है इसे?' अब मैं क्या कहती? मैंने दे दिया और लौट आई। दु:ख यह हुआ कि कटोरा लेकर कहते, कविता क्या है?

(i) महादेवी वर्मा को काव्य प्रतियोगिता में क्या मिला था?

(क) एक शाल

(ख) गीतों की एक पुस्तक

(ग) प्रेम चन्द का उपन्यास (गोदान)

(घ) चाँदी का कटोरा

(ii) महादेवी वर्मा ने अपने किस पुरस्कार को गाँधी जी को दे दिया?

(क) गीता की प्रति को

(ख) रामायण की प्रति को

(ग) चाँदी के कटोरे को

(घ) सोने के चम्मच को

(iii) महादेवी की कॉलेज की साथिन का क्या नाम था?

(क) सरोजिनी नायडू

(ख) सुभद्रा कुमारी चौहान

(ग) कीर्ति चौधरी

(घ) अमृता प्रीतम

(iv) पाठ और लेखक का नाम लिखिए।

(v) आनंद भवन कहाँ है? यहाँ कौन-से बापू आए थे?

(vi) लेखिका बापू के पास किस लिए गई थी?

(vii) लेखिका को दु:ख किस बात का था?

8. निम्नलिखित पठित पद्यांशों में से किसी एक पद्यांश के पूछे गए बहुविकल्पीय व अति लघुनात्मक प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए:- (7×1=7)

या लकुटी अरु कामरिया पर राज तिहूँ पुर को तजि डारौं।
आठहुँ सिद्धि नवौ निधि के सुख नंद की गाइ चराइ बिसारौं।।
रसखान कबौं इन आँखिन सौं, ब्रज के बन बाग तड़ाग निहारौं।
कोटिक ए कलधौत के धाम करील के कुंजन ऊपर वारौं।।

(i) रसखान किसकी आराधना करते हैं?

(क) श्री कृष्ण

(ख) श्री राम

(ग) श्री बिष्णु

(घ) श्री ब्रह्मा

(ii) रसखान की भाषा कौन-सी है?

(क) ब्रज भाषा

(ख) जन भाषा

(ग) संस्कृत

(घ) इनमें से कोई नहीं

(iii) नंद बाबा कौन है?

(क) श्री कृष्ण के पिता

(ख) श्री कृष्ण के मित्र

(ग) श्री कृष्ण के सखा

(घ) श्री कृष्ण के मामा

(iv) कवि तीनों लोकों का राज्य किसके बदले त्याग देने को तैयार हैं?

(v) कवि अपनी आँखों से क्या निहारना चाहता है?

(vi) ब्रज की कंटीली झाड़ियों पर कवि क्या न्योछावर कर देना चाहता है?

(vii) कवि और कविता का नाम लिखिए।

देख आया चंद्र गहना।
देखता हूँ दृश्य अब मैं
मेड़ पर इस खेत की बैठा अकेला
एक बीते के बराबर
यह हरा ठिगना चना,
बाँधे मुरैठा शीश पर
छोटे गुलाबी फूल का,
सज कर खड़ा है।

(i) चंद्र गहना से लौटते हुए कविता में किस ऋतु का वर्णन है?

(क) वर्षा ऋतु का

(ख) शरद ऋतु का

(ग) वसंत ऋतु का

(घ) ग्रीष्म ऋतु का

(ii) चने को कवि ने क्या कहा है?

(क) ठिगना

(ख) हठीला

(ग) पतली कमर वाला

(घ) कठोर

(iii) इस कविता में निम्न में से किसका वर्णन नहीं हुआ है?

(क) सरसों

(ख) चना

(ग) पोखर

(घ) पीपल

(iv) कवि और कविता का नाम लिखिए।

(v) कवि कहाँ बैठा हुआ था?

(vi) कवि ने खेत में किसे देखा?

(vii) चने की शोभा वर्णित कीजिए।

9. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- (3×2=6)

(क) काँजी हौस में कैद पशुओं की हाजिरी क्यों ली जाती होगी?

(ख) लेखक लड्कोर के मार्ग में अपने साथियों से किस कारण पिछड़ गया?

(ग) बालिका मैना ने सेनापति 'हे' को कौन-कौन से तर्क देकर महल की रक्षा के लिए प्रेरित किया?

(घ) गुरुदेव ने शांति निकेतन को छोड़ कहीं और रहने का मन क्यों बनाया?

10. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- (3×2=6)

(क) किसी भी व्यक्ति की पहचान उसके कुल से होती है या उसके कर्मों से? तर्क सहित उत्तर दीजिए।

(ख) कवयित्री का 'घर जाने की चाह' से क्या तात्पर्य है?

(ग) कोयल की कूक सुनकर कवि की क्या प्रतिक्रिया थी?

(घ) कवि को दक्षिण दिशा पहचानने में कभी मुश्किल क्यों नहीं हुई?

11. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- (2×4=8)

(क) बाढ़ की खबर सुनकर लोग किस तरह की तैयारी करने लगे?

(ख) 'रीढ़ की हड्डी' एकांकी का क्या उद्देश्य है? लिखिए।

(ग) वह ऐसी कौन-सी बात रही होगी जिसने लेखक को दिल्ली जाने के लिए बाध्य कर दिया?

****